Functioning of Commercial banks in Arunachal Pradesh

1263. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the number of commercial banks functioning in the country;

(b) the number of such public sector banks functioning in Arunachal Pradesh;

(c) whether these public sector banks have achieved their target fixed for a certain period for granting and distributing loans to needy people; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (DR. DEBI PROS AD PAL): (a) and (b) Reserve banks of India (RBI) has reported that 282 scheduled commercial banks including 27 public sector banks were functioning in the country as at the end of June 1995 and of those 27 public sector banks, 5 banks were functioning inArunachal Pradesh.

(c) and (d) The details of the targets and achievements under Annual Credit Plan, 1994-95 for Arunachal Pradesh are given below:—

(Amount Rs. crores)

	Target	Achieve-ment
Agriculture	6.51	2.50
SSI	1.66	0.57
Services	3.90	3.96
Total Priority Sector	12.07	7.03

बाहरी देशों में भारतीय खाताधारक

1264.**श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला** :

श्री चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी हैं कि अनेक भारतीय नागरिक विदेशी बैंकों में खाताधारी हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने भारतीय नागरिकों द्वारा विदेशी बैंकों में जमा करायी गयी धनराशि का पता लगाने के लिये कोई प्रयास किया हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. देवी प्रसाद पाल) : (क) से (घ) दिनांक 17 जुलाई, 1992 की अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार, भारत सरकार ने 18.4.1992 से भारत वापस आने वाले भारतीय मूल के आनिवासी व्यक्तियों को विदेशों में उनके द्वारा खोले गए खातों के संचालन और रख-रखाव की अनुमति दी हैं बशर्ते कि वे एक वर्ष से अधिक समय भारत के बाहर रहे हों। उन्हे अथ्यर्पण/घोषणा की औपचारिकताओं से छूट दी गई हैं।

उपर्युक्त को देखते हुये, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, उनके लिए भारतीय राष्ट्रिकों द्वारा विदेशों में विदेशी मुद्रा खातों में जमा की गई राशि का मूल्यांकन करना सम्भव नहीं होगा।

पनबिजली क्षेत्र में विद्युत उत्पादन

1265. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या यह सच हैं कि देश में पनबिजली क्षेत्र में विद्युत उत्पादन क्षमता 84,000 मेगावाट हैं;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार का अनुमान क्या हैं;

(ग) क्या यह भी सच हैं कि अभी तक पनबिजली क्षेत्र में कुल 20,000 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा हैं;

(घ) यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ड.) क्या यह भी सच हैं कि पनबिजली क्षेत्र में विद्युत उत्पादन कुल विद्युत उत्पादन का 26 से 30 प्रतिशत हैं जबकि विशेषज्ञ समिति की राय में यह प्रतिशतता 40 होना चाहिये; और

(च) यदि नहीं, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल) : (क) और (ख) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (के.वि.प्रा.) ने देश में उपलब्ध मितव्ययी से दोहन की जाने वाली जल-विद्युत शक्तया का मूल्यांकन